nt>

Title: Need to withdraw the proposal of the Ministry of Finance on handing over of the work of Small Savings Scheme to High Profile Banks.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, देश भर के लाखों डाकघर पिछले 131 वर्षों से लघु बचतों का काम देश भर में कर रहे हैं। यदि यह कहा जाये कि लघु बचतों के क्षेत्र में उनकी मोनोपोली है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। डाकघर इन्दिरा विकास पत्र, किसान पत्र और लघु बचतों के माध्यम से लगभग 4,31 लाख करोड़ रुपये से अधिक उन्होंने एकत्र किये हैं। मेरा वित्त मंत्री महोदय से यह निवेदन है कि उन्होंने जो बजट स्पीच में यह कहा है कि अब यह काम कुछ हाई प्रोफाइल बैंकों के माध्मय से कराया जायेगा। मेरा उनसे अनुरोध है कि इस निर्णय को निरस्त करें और डाकघरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के जो दूरदराज के क्षेत्र हैं, वहां से भी धन संग्रह होता है, वह प्रभावित होगा और इससे जो डाकघर थे, जिनको लगभग 40 परसेंट कमीशन भी प्राप्त होता था, उनकी हालत भी और बिगड़ जायेगी, क्योंकि पहले ही डाकघरों की हालत अच्छी नहीं है। यह मेरा वित्त मंत्री महोदय से निवेदन है।

MR. SPEAKER: I compliment the Member for raising this issue.